# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर

# चाँदपुर (बिजनौर)

## प्रशासकीय परिषद की चौदहवीं बैठक

## का कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| ➢ बैठक संख्या | 14वीं |
| ➢ दिनांक | 04 अगस्त, 2023 |
| ➢ स्थान | ए0के0टी0यू0, नोएडा कैम्पस,<br>उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, नोएडा,<br>सी–22, सी–ब्लॉक, फेज–2, औद्योगिक क्षेत्र, सेक्टर–62, नोएडा। |
| ➢ समय | दोपहर, 12.00 बजे |
| ➢ माध्यम | ऑनलाइन / ऑफलाइन / हाईब्रिड |



Badal

09/8/2023

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 04 अगस्त, 2023 को दोपहर 12.00 बजे सम्पन्न 14वीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्न मा0 सदस्यगण उपस्थित हुए।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री राजीव स्वरूप,<br>अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, रा0इ0का0 बिजनौर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 जे0 पी0 पाण्डेय,<br>कुलपति, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | श्री बी0 एन0 झा,<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद, उ0 प्र0। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 विजेंद्र सिंह,<br>प्रोफेसर, नेताजी सुभाष इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली। | सदस्य |
| 5. | श्री अश्वनी कुमार मिश्रा,<br>प्रतिनिधि, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की। | सदस्य |
| 6. | श्री के0 राम<br>निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर, उ0 प्र0। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 (डॉ0) नीरज कुमार सिंह,<br>प्रोफेसर, आई0बी0एम0, सी0एस0जे0एस0यू0, कानपुर,<br>पूर्व कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 8. | प्रो0 के0 एस0 वर्मा0<br>निदेशक, के0एन0आई0टी0, सुल्तानपुर | सदस्य |
| 9. | इंजी0 सुनील सागर,<br>अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद (उ0 प्र0)। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 नीलेन्द्र बादल,<br>निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बिजनौर | सदस्य–सचिव |

अपरिहार्य कारणों से अन्य सदस्यगण उपस्थित नही हो सकें।

मा0 अध्यक्ष महोदय से अनुमति प्राप्त कर बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गयी।



Badal

**बिन्दु सं0 14.01** **संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 03 फरवरी, 2023 को सम्पन्न तेरहवीं बैठक के कार्यवृत का पुष्टिकरण।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 03 फरवरी, 2023 को सम्पन्न तेरहवीं बैठक का कार्यवृत मा0 प्रशासकीय परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ एवं पुष्टि हेतु प्रस्तुत किया गया।

मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा कार्यवृत्त का अवलोकन करते हुए कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**बिन्दु सं0 14.02** **संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 03 फरवरी, 2023 को सम्पन्न तेरहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 03 फरवरी, 2023 को सम्पन्न तेरहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना से मा0 प्रशासकीय परिषद को अवगत कराया गया।

मा0 परिषद द्वारा संस्थान की प्रशासकीय परिषद की तेरहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना से अवगत होते हुए संतोष व्यक्त किया गया।

**बिन्दु सं0 14.03** **संस्थान की प्रशासकीय परिषद में One Eminent Technologist/ Engineer को सदस्य के रूप में नामांकन की सूचना।**

मा0 परिषद को सादर अवगत कराया गया कि संस्थान के बाईलॉज के नियम 12 के उप नियम (VIII) के अन्तर्गत संस्थान की प्रशासकीय परिषद में मा0 अध्यक्ष महोदय, प्रशासकीय परिषद द्वारा इंजी0 सुनील सागर, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद को One Eminent Technologist/Engineer के रूप में नामित किया गया है।

तथा मा0 परिषद को संस्थान की प्रशासकीय परिषद में प्रो0 विजेन्द्र सिंह, प्रोफेसर, नेताजी सुभाष इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा नामित सदस्य की सूचना से भी अवगत कराया गया।

मा0 परिषद उपरोक्त सदस्यों के नामांकन की सूचना से अवगत हुई।

**बिन्दु सं0 14.04** **संस्थान की बिल्डिंग एण्ड वर्क्स समिति में One Senior Engineer एवं One Architect को सदस्य के रूप में नामांकन की सूचना।**

मा0 परिषद को सादर अवगत कराया गया कि संस्थान की बिल्डिंग एण्ड वर्क्स समिति में बाईलॉज के नियम 28 के उप नियम (V&VI) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष महोदय, प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान की बिल्डिंग एण्ड वर्क्स समिति में इंजी0 कौशवेन्द्र कुमार गौतम, चीफ टॉऊन प्लानर, लखनऊ विकास प्राधिकरण, गोमती नगर, लखनऊ (उ0 प्र0) को One Senior Engineer एवं डॉ0 गौरव चन्द्रा, पूर्व निदेशक, ए0आई0टी0एच0, कानपुर (उ0 प्र0) को One Architect के रूप में नामित किया गया।

मा0 परिषद उपरोक्त सदस्यों के नामांकन की सूचना से अवगत हुई।

**बिन्दु सं0 14.05** **राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (NBA) से Accreditation की सूचना।**

मा0 परिषद को सादर अवगत कराया गया कि संस्थान में पूर्व संचालित दो शाखाएं क्रमशः विद्युत अभियंत्रण एवं सूचना प्रौद्योगिकी के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (NBA) से Accreditation हेतु आवेदन किया गया था जिसमें से दोनों ब्रांचों को राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (NBA) द्वारा Accredited किया गया है।

मा0 परिषद द्वारा उक्त सूचना से अवगत होते हुए हर्ष व्यक्त किया गया।

**बिन्दु सं0 14.06** **इन्क्यूबेशन सेंटर के कार्यो/गतिविधियों की सूचना।**

मा0 परिषद को संस्थान में स्थापित इन्क्यूबेशन सेंटर की प्रोग्रेस एवं स्टार्टअप सम्बंधित कार्यों के अन्तर्गत 17 स्टार्टअप सूचीबद्व/पंजीकृत आदि की सूचना से सादर अवगत कराया गया।

मा0 परिषद उपरोक्त सूचना से अवगत हुई। साथ ही इंक्यूबेशन सेंटर के कार्यों की प्रगति पर मा0 परिषद द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए किये जा रहें कार्यों की सराहना की गयी तथा आगे भी इस दिशा में अन्य कार्य किये जाने हेतु सहर्ष विचार–विमर्श किया गया।

**बिन्दु सं0 14.07** **शिक्षक भर्ती की अद्यतन स्थिति की सूचना।**

मा0 परिषद को शिक्षक भर्ती की अद्यतन स्थिति की सूचना से सादर अवगत कराया गया एवं यह भी बताया गया कि शिक्षकों की कमी एक अत्यन्त चिंताजनक विषय है।

मा0 परिषद को मा0 कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा बताया गया कि शिक्षक भर्ती हेतु एक S.O.P. बनाया जा रहा है, जिससे आशा है कि विगत दो वर्षों से लम्बित शिक्षकों की भर्ती समस्या का

समाधान निकलेगा। गहन चर्चा के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि प्रक्रिया को अतिशीघ्र सम्पन्न किया जाये।

मा0 परिषद उक्त सूचना से अवगत हुई।

**बिन्दु सं0 14.08 संस्थान की शैक्षणिक समिति की अष्टम एवं नवम बैठक के कार्यवृत का अवलोकन।**

संस्थान की शैक्षिणिक समिति की अष्ठम एवं नवम बैठक के कार्यवृत्त मा0 प्रशासकीय परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ हेतु प्रस्तुत किये गये। तथा संस्थान में स्थापित अतिथि गृह सम्बंधी नियमावली एवं क्रय प्रक्रिया सम्बंधी नियमावली भी मा0 परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ हेतु प्रस्तुत की गयी।

मा0 परिषद द्वारा उपरोक्त सूचना से अवगत होते हुए सहमति प्रदान की गयी।

**बिन्दु सं0 14.09 माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर विचार एवं निर्णय।**

**बिन्दु सं0 14.09.01 संस्थान में दो नई ब्रांचों को खोले जाने की सूचना।**

मा0 परिषद को संस्थान की प्रशासकीय परिषद की 12वीं बैठक के बिन्दु संख्या 12.06 में निहित व्यवस्था के आधार पर संस्थान में दो नई ब्रांचों [CSE (IoT) & ECE] को खोले जाने की प्रक्रिया के प्रति अवगत कराया गया। मा0 परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि वर्तमान सत्र (2023–24) से ही नई ब्रांचों के संस्थान परिसर में शुरू करने के प्रयास किये जायें।

मा0 परिषद उक्त सूचना से अवगत हुई।

**बिन्दु सं0 14.09.02 संस्थान में वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु छात्रावास अनुरक्षण हेतु प्रस्ताव की सूचना।**

मा0 परिषद को सादर अवगत कराया गया कि संस्थान की 13वीं वित्त समिति (2023–24) में संस्थान के छात्रावासों की दयनीय स्थिति को देखते हुए संस्थान की बचत से छात्रावास अनुरक्षण हेतु रू0 260 लाख खर्च करने का अनुमोदन प्रदान किया गया है तथा जिस पर संस्थान की भवन एवं कार्य समिति द्वारा भी कार्य कराने का अनुमोदन प्राप्त है। चूँकि छात्रावासों की भौतिक स्थिति चिंताजनक है, अतः मा0 परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि छात्रहित में प्रक्रिया अतिशीघ्र शुरू कर पूर्ण की जाये।

मा0 परिषद द्वारा उक्त सूचना से अवगत होते हुए सहमति प्रदान की गयी।

Badal

बिन्दु सं0 14.09.03 संस्थान की विगत दो वर्षों की प्रगति आख्या।

मा0 परिषद को संस्थान में चल रहे अनेक कार्यों/गतिविधियों के बारे में सादर अवगत कराया गया। जिस पर गहन चर्चा के उपरान्त मा0 परिषद द्वारा विगत दो वर्षो के कार्यो पर हर्ष के साथ संतोष व्यक्त किया गया।

मा0 अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

Badal

(प्रो0 नीलेन्द्र बादल)
सदस्य–सचिव
प्रशासकीय परिषद, रा0इ0का0, बिजनौर

09/8/2023

(राजीव स्वरूप)
अध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद, रा0इ0का0, बिजनौर